# वागड़ संदेश

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज



सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-209 सागवाड़ा, बुधवार,6 अप्रेल, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# यज्ञ में आहुति के लिये पथमेड़ा से आएगा गाय का घी, मध्यप्रदेश के सेंघवा से मंगवाई समिधाएं

## शक्तिपीठ सागवाड़ा में 12 से 14 अप्रैल तक होगा 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**सागवाड़ा।** पंचवटी रोड पर श्रीराम नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा में 12 से 14 अप्रैल तक होने वाले विराट 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, सप्त गौ परिक्रमा मंदिर लोकार्पण, गायत्री मंदिर और प्रज्ञेश्वर महादेव के पाटोत्सव के आयोजन को लेकर बुधवार को प्रेसवार्ता हुई। गायत्री शक्तिपीठ सागवाड़ा के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी नारायण लाल पंड्या ने बताया कि यज्ञ वातावरण शुद्धि के लिए है। 108 कुंडीय यज्ञशाला के लिये पथमेड़ा गोशाला से डेढ़ क्विंटल गाय का घी और मध्यप्रदेश प्रदेश के सेंघवा से विशेष जड़ीबूटियां मंगवाई गई है।

उपजोन समन्वयक कुलदीप सिंह राणावत नेबताया कि 13 अप्रैल की शाम को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की प्रमुख शैलबाला दीदी और देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के उप कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या का शक्ति पीठ में आगमन होगा। 14 अप्रैल को पथमेड़ा के संस्थापक गौ ऋषि स्वामी दत्तशरणानन्द महाराज, राज्यपाल कलराज मिश्र आएंगे।



### 218 शक्तिपीठ के समस्त ट्रष्टी आएंगे

पंड्या ने बताया कि आयोजन में राजस्थान के 218 शक्तिपीठ के समस्त ट्रष्टी आयोजन में भाग लेंगे। शक्तिपीठ में गोशाला के निर्माण में गो की संख्या ज्यादा नहीं होगी लेकिन क्षेत्रवासियों में स्वावलम्बन की भावना पैदा करने का प्रयास किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान दीपक जोशी, हरिमुख भट्ट, किशोर भट्ट समेत गायत्री परिजन मौजूद थे।

### 11 अप्रेल की शाम को गायत्री शक्ति पीठ से विशाल दो पहिया वाहनों की रैली निकाली जाएगी

उपजोन सह समन्वयक शिवराम कलाल ने बताया कि कोरोना काल के बाद शैलबाला दीदी पहली बार कार्यक्रम में भाग लेंगी। वहीं डॉ. चिन्मय पंड्या शक्ति पीठ में दूसरी बार आगमन हो रहा है। आयोजन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है साथ ही मेहमानों को आमंत्रित भी किया जा रहा है। जिला समन्वयक भूपेंद्र पंड्या ने बताया कि आयोजन को लेकर गायत्री शक्तिपीठ में 108 कुंडीय यज्ञशाला निर्माणाधीन है जिसका कार्य दो दिन में पूर्ण हो जाएगा।

पंड्या ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में बहुत से परिजन अपने घरों में रहकर साधना कर रहे हैं उनकी पूर्णाहुति 14 अप्रेल को होगी। आयोजन को लेकर 11 अप्रेल की शाम को गायत्री शक्तिपीठ से विशाल दो पहिया वाहनों की रैली निकाली जाएगी।

रैली शक्तिपीठ से पित्त वस्त्रों में रवाना होकर पुनर्वास कॉलोनी रामद्वारा मार्ग कुम्हारवाड़ा होते हुए नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकलेगी।

### ये भी शामिल होंगे

केबिनेट मंत्री महेंद्रजीतसिंह मालवीया, अर्जुन बामणिया, राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन सिंह, सांसद कनकमल कटारा, डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश खोड़निया, नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडक़री के निजी सचिव शैलेष शर्मा, गुजरात के वैज्ञानिक उच्च शिक्षा राज्य मंत्री कुबेर भाई डेंडोर, सतपाल सिंगला के साथ ही केंद्रीय टोली शांतिकुंज हरिद्वार और पुष्कर बतोर अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर : राजे

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर अपने सोशल मीडिया हैंडल्स के ज़रिये धड़ाधड़ कई ट्वीट्स किए। इस दौरान उन्होंने पार्टी की स्थापना से लेकर अब तक के तमाम वरिष्ठ नेताओं का ज़िक्र किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व कौशल का भी जमकर गुणगान किया। एक ट्वीट में राजे ने भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए जारी शुभकामना संदेश में कहा, देशसेवा के संकल्प को समर्पित भारतीय जनता पार्टी रूपी छोटे से पौधे को अपनी मेहनत, त्याग एवं लगन से विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल जैसा वटवृक्ष बनाने वाले सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं और संस्थापक सदस्यों को मेरा सादर प्रणाम। एक अन्य ट्वीट में राजे ने कई नेताओं का नाम लेकर पार्टी में उनकी भूमिका का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. उपाध्याय, सुंदर सिंह भंडारी, नानाजी देशमुख, कुशाभाऊ ठाकरे, राजमाता विजयाराजे सिंधिया, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी व भैरोंसिंह शेखावत सहित उन सभी महापुरुषों का आभार, जिन्होंने भाजपा को विकासोन्मुखी राजनीति का पर्याय बनाया था। राजे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का भी ज़िक्र किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भाजपा के सभी पदाधिकारियों को भी आत्मीय बधाई, जिनकी उत्कृष्ट विचारधारा, सुशासन व विकास नीति से प्रभावित होकर आज देश का हर वर्ग पार्टी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आइए हम सभी मिलकर कोरोना महामारी की चुनौतियों से निपटते हुए एक बार फिर वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ें। जय हिन्द, जय भाजपा।

# सरोदा के हिमांशु की आत्महत्या के मामले में गांव का ही युवक गिरफ्तार

## मृतक के भाई ने दी थी रिपोर्ट, गांव के युवक पर डराने धमकाने का था आरोप

**सागवाड़ा।** सरोदा के एक युवक को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के आरोप में पुलिस ने गांव के ही एक युवक को गिरफ्तार किया। सागवाड़ा थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि सरोदा निवासी निखील पुत्र वासुदेव व्यास ने अपने छोटे भाई हिमांशु पुत्र वासुदेव व्यास की आत्महत्या को लेकर रिपोर्ट दी थी। उसमें बताया था कि सरोदा निवासी भुपेश उर्फ भुपेन्द्र पुत्र डायालाल भट्ट ने डरा धमका कर आत्महत्या करने के लिए बार बार उकसाने पर भुपेश भट्ट से परेशान होकर हिमांशु ने गेंहू में डालने की गोलियां खा ली थी। जिसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने हिमांशु के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया था। मृतक के भाई की रिपोर्ट पर जांच शुरू कर दी थी। एसपी सुधीर जोशी ने जांच एएसपी अनिल मीणा और डीएसपी नरपत सिंह सागवाडा के सुरविजन मे सीआई सुरेन्द्र सोलंकी के नेतृत्व मे एसआई राजेंद्र सिंह, हर्षवर्धन सिंह, भूपेंद्र सिंह, त्रिलोकपाल, नागेंद्र सिंह की टीम का गठन कर मृतक को आत्महत्या के लिये उकसाने वाले अभियुक्त सरोदा निवासी भुपेश उर्फ भूपेंद्र पुत्र डायालाल भट्ट को शीघ्र गिरफ्तार करने निर्देश दिये थे। घटना के बाद से ही आरोपी भूपेश उर्फ भूपेंद्र अपने घर से फरार होकर गुजरात व महाराष्ट्र तरफ चला गया था। जिस पर टीम ने गोपनीय रूप से मुखबीरों से संपर्क कर सरगर्मी से तलाश शुरू की ओर मुखबिरों से सम्पर्क किया गया। पतेरसी के दौरान मुखबीर की सुचना पर आज अभि. भुपेश उर्फ भूपेंद्र को थाने पर लाकर मनोवैज्ञानिक तरीके से समझाईश कर पुछताछ करने पर घटना करना स्वीकार किया। जिस पर अभियुक्त भुपेश उर्फ भूपेंद्र को गिरफ्तार किया।

# राज्यसभा सांसद डांगी का आभार जताया



**सागवाड़ा।** डूंगरपुर बांसवाड़ा रतलाम रेल परियोजना को पूर्ण करने संसद में राज्यसभा सभा सदस्य नीरज डांगी ने दो दिन पहले आवाज उठाई थी। वागड़ की इस महत्वपूर्ण परियोजना को समय रहते पूरा करने की मांग राज्य सभा में निरज डांगी ने रखी थी। जनजाति क्षेत्र से जुड़ी इस परियोजना को पूर्ण करने की मांग की है जिस पर पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा व कपिल भट्ट ने मिलकर नीरज डांगी का डूंगरपुर बांसवाडा की जनता की ओर से आभार प्रकट किया ।

# महंत सहदेवानंद ने गोशाला का भ्रमण किया



**सागवाड़ा।** श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के नागा सन्यासी राष्ट्रीय मंत्री महंत सहदेवानंद ने आरा के माणकपुरा में संचालित श्री श्री उत्तम गोपाल कृष्ण गोशाला का भ्रमण किया। महंत सहदेवानन्द के साथ बाल योगी कन्हैया गिरी महाराज झिलमिल गुफा ऋषिकेश उत्तराखंड भी मौजूद रहे। उन्होंने गौशाला का भ्रमण करते हुए गोशाला समिति के सदस्यों को आवश्यक सुझाव देते हुए कहा कि गोशाला में गो सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है और उन्होंने क्षेत्र की जनता को आह्वान करते हुए कहा कि इस पुनीत कार्य में ज्यादा से ज्यादा सहयोग करें। इस दौरान गौशाला समिति के सदस्यों ने उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान गोशाला समिति के संयोजक मुकेश भोई, अध्यक्ष ललित पंचाल, नीरज शर्मा, केपी सिंह चीखली, कर्मवीरसिंह राठौड़, ओमप्रकाश सुथार, गोरक्षक दल के अजय बुझ, बजरंग दल नगर संयोजक शिवांग पंवार, आयुष जोशी, लालसिंह चौहान, रविन्द्र सुथार मौजूद थे

# 21 सेशन में 100 से अधिक डॉक्टरों ने दिए टिप्स

**जयपुर।** निरोगी राजस्थान मेडिफेस्ट 2022 के समापन के दिन बुधवार को 3 हॉलों में हुए 21 सेशन में 100 से अधिक डॉक्टरों ने संबंधित विषयों पर अपने व्याख्यान दिए व आमजन द्वारा पूछे गए सवालों के भी जवाब दिए। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के मैदान में आयोजित मेडिफेस्ट के आखिरी दिन हॉल-ए में हार्ट, मस्तिष्क, डायबिटीज, किडनी, पाचन, महिला स्वास्थ्य एवं आपातकालीन विषयों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आम बोलचाल की भाषा में अपनी राय रखी। इन तमाम तरह की बीमारियों के लक्षण, सावधानी और उपचार के बारे में भी विस्तार से बताया। आरयूएचएस के वीसी डॉ. सुधीर भंडारी ने डायबिटीज से जुड़ी चर्चा के दौरान कहा कि भारत में करीब 20 प्रतिशत लोग इससे ग्रसित हैं। डायबिटीज पूरे शरीर को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि डायबिटीज के दौरान व्यायाम और बैलेंस डाइट की महत्वपूर्ण भूमिका है। जीवनशैली में थोड़ा बदलाव करके डायबिटीज को रिवर्स भी किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इस बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को शरीर में होने वाले छोटे से छोटे बदलाव को भी ध्यान में रखना चाहिए और लगातार डॉक्टर के संपर्क में रहना चाहिए। सेशन में बताया गया कि किस तरह सुरक्षित हार्ट रखा जा सकता है। डायबिटीज और किडनी से बचाव के प्रभावी उपाय भी बताए। हॉल-बी में चिकित्सकों ने स्कूल स्वास्थ्य, अस्थि, युवा मां, वृद्धावस्था, नेत्र, कोविड और रक्तदान जैसे विषयों पर विस्तार से आमजन को बताया।

सबसे खास बात यह थी कि सभी सेशन आम बोलचाल की भाषा में व आम जन को समझाने के उद्देश्य संचालित किए गए। सेशन में उपस्थित लोगों ने संबंधित विषयों पर सवाल-जवाब कर अपनी जिज्ञासाएं भी शांत की।

# जर्मन से आये दल ने देखे नरेगा कार्य

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर में चल रहे वास्को प्रोजेक्ट के तहत हो रहे कार्यो की सम्पूर्ण व्यवस्था के अध्ययन करने के लिए बुधवार को जर्मनी से 3 सदस्यों का एक दल डूंगरपुर पहुंचा और जिले में हो रहे कार्यो के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की। जर्मनी के दल में जर्मन विकास संस्थान से लिसा ट्रेब्स, फ्लोरा हार्टमैन, टेडोरवाक ने अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक अतुल प्रकाश से कार्य स्वीकृति से पूर्ण करने तक कि प्रक्रिया और उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा कार्य के क्रियान्वयन में आने वाली समस्त प्रकार की चुनोतियो व परिणाम को देखा। दल ने डूंगरपुर ब्लॉक के वागदरी में बने मोडलतालाब को देखने के बाद उसकी



विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य की प्रशंसा की इस दौरान उन्होंने कार्य को लेकर जेटीए प्रियंक शाह व समाज सेवी कांतिलाल से मॉडल तालाब विकास कार्य को लेकर चर्चा की । जर्मनी दल के साथ दिल्ली से वास्को प्रोजेक्ट के जगदीश पुरोहित, जयपुर से जगदीश मेमन, उदयपुर से पंकज पालीवाल व सुरेंद्रसिंह ने भी जिले में चल रहे वास्को प्रोजेक्ट को लेकर विस्तार से बताया। दल को अधिशासी अभियंता अजय भार्गव व विनायक बन्धु चौबीसा ने भी जिले भर में वास्को के तहत होने वाले कार्यो की प्रक्रिया के बारे में बताया । समन्वयक आईईसी महेश जोशी ने भी जिले में जल सरक्षंण के तहत हो रहे कार्यो का डॉक्यूमेंट बताया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता अजय भार्गव , विनायक बन्धु चौबीसा विकास अधिकारी बालकृष्ण कोटेड, महेश जोशी आदि।

# गांधी जी के बारे में जितना पढ़ो उतना कम : मुख्यमंत्री



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को शांति एवं अहिंसा निदेशालय तथा महात्मा गांधी इन्स्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एवं सोशल साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में सेंट्रल पार्क स्थित कनक भवन में आयोजित गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर में बीकानेर संभाग के प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी तो इतना बड़ा खजाना है कि जितना पढ़ो उतना कम है।

गहलोत ने कहा कि गांधी जी के बारे में जो भी पढ़ेगा, उसके जीवन में वह काम आएगा। उन्होंने कहा कि गांधी जी की विचारधारा को दिल में उतारकर आज देश को बचाने का वक्त है। आज ?सा माहौल बन चुका है कि लोकतंत्र को बचाना बहुत जरूरी हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें गांधी जी की बात करनी है तो सत्य की बात करनी पड़ेगी, अहिंसा की बात करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के दम पर अंग्रेजो को देश से बाहर कर दिया, यह बहुत बड़ी बात थी। शांति और अहिंसा निदेशालय के निदेशक मनीष कुमार शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने बताया कि बीकानेर संभाग के जिला एवं उपखंड स्तर के चयनित संयोजक व सह संयोजक प्रशिक्षणार्थियों ने शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त किया। अब तक पांच संभाग के शिविर आयोजित हो चुके हैं।

छठे संभाग के रूप में बीकानेर संभाग के शिविर का बुधवार को समापन किया गया। इस अवसर पर कला व संस्कृति मंत्री मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव भवानी सिंह देथा, कॉलेज आयुक्त शुचि त्यागी, जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त गौरव गोयल, गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष कुमार प्रशांत, पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति ओम थानवी, वरिष्ठ गांधीवादी अमरनाथ भाई, सेवाग्राम आश्रम वर्धा महाराष्ट्र के मनोज ठाकरे, सवाई सिंह, धर्मवीर कटेवा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर सागवाड़ा नगर मंडल की बैठक हुई

**सागवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सागवाड़ा की बैठक नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट की अध्यक्षता में हुई। भाजपा के 42 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी थे।

विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष ताजेंग पाटीदार, पूर्व जिला महामंत्री अशोक पटेल, नेता प्रतिपक्ष हरीश सोमपुरा एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष बदामीलाल मेहता थे। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों ने डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी, भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण की कार्यक्रम की शुरुआत की। उपस्थित अतिथियों ने पार्टी की जनसंघ से लेकर जनता पार्टी और बाद में 6 अप्रैल 1980



को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना से लेकर अब तक के पार्टी के संघर्ष, पार्टी के विचार, पार्टी की मूल निष्ठाओं एवं आम जनता को लेकर पार्टी के संकल्प ओर वादों को पर चर्चा की।

आपातकाल के दौरान पार्टी के नेताओं पर तत्कालीन सरकार द्वारा जो यातनायें और प्रताड़ित किया गया उसके बारे में भी अवगत कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि लंबे संघर्ष और बलिदान एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धताओं के फलस्वरूप पार्टी 2 सांसदों के छोटे से शुरुआत करके आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के नेतृत्व में लोकसभा में 303 सांसदों के साथ राज्यसभा में तकरीबन 100 सांसदों के साथ एवं 17 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।

बैठक में दिवस संयोजक नानालाल दर्जी, जिला मंत्री आशा पाटीदार, वरिष्ठ नेता गौरीशंकर कुलखध्या, वरिष्ठ नेता रामचंद्र जोशी, नगर महामंत्री नीरज पंचाल, मनोज कंसारा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दशरथ खटिक, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री दिलीप मोड़ पटेल, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री यशवंत गवारिया,ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष विजय पंचाल, समर्पण निधि संयोजक नरेंद्र गोवाडीया, नगर उपाध्यक्ष बालकृष्ण पाटीदार, शैलेश पंड्या, शैलेश कंसारा, जनजाति मोर्चा महामंत्री दीपक शंकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलम सोमपुरा, कृष्णसिंह चिखली, पार्षद मंगलेश वाडेल ,संजय जैन ,सागवाडा विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक लक्ष्यराज शर्मा, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रियंक भासरिया, महामंत्री भावेश माली, जुगल पंवार, ममयंक सेवक, उपाध्यक्ष अक्षय खटिक, बूथ अध्यक्ष धूलजी यादव मौजूद थे। संचालन नगर महामंत्री नीरज पंचाल ने और आभार नेता प्रतिपक्ष हरीश सोमपुरा ने प्रस्तुत किया।